2. **निम्नलिखित संकेतों के आधार पर कहानी लिखिए और उसका शीर्षक भी बताइए-**

अंधे और लँगड़े में मित्रता ———— गाँव में बाढ़ आना ———— गाँव के अन्य व्यक्तियों क
सुरक्षित स्थान पर जाना ———— अंधे और लँगड़े का घबराना ———— एक उपाय सूझ
———— एक के पास आँखें, एक के पास टाँगें ———— लँगड़े का अंधे के कंधे पर बै
———— राह बताते जाना ———— दोनों का सुरक्षित स्थान पर पहुँचना।

छोटे भाई को परीक्षा में प्रथम आने पर बधाई पत्र

सी- 186

दरियागंज, नई दिल्ली

दिनांक –..........

प्रिय आशु

स्नेह!

आज ही तुम्हारा पत्र मिला। मुझे यह जानकर बहुत खुशी हुई कि तुमने इस बार भी अपने विद्यालय की परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। तुमने यह प्रमाणित कर दिया है कि सफलता का फल मीठा होता है। तुमने साल भर जो परिश्रम किया, उसका फल तुम्हें मिला।

मुझे पूरी आशा है कि आगे भी तुम इसी प्रकार परिश्रम करते रहोगे।

अंत में पत्र को मैं इस उम्मीद के साथ समाप्त करता हूँ कि तुम भविष्य में बड़ी सफलता प्राप्त करोगे।

माता–पिता को मेरा प्रणाम कहना तथा छोटी बहन तानी को प्यार।

तुम्हारा भाई

विशु